पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

visit us: www.prsu.ac.in E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्र. 9872 / परीक्षा / प्रवेश / 2024 रायपुर, दिनांक 31 / 5 / 2024

// अभ्यर्थियों के लिए निर्देश //

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं के संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु **दिनांक 19.06.2024, दिन– बुधवार** से प्रारंभ होने वाली प्रवेश परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए निम्नलिखित निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

1. अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।
2. अभ्यर्थियों को कम से कम 03 घंटे के बैटरी बैकअप और अच्छी इंटरनेट सुविधा के साथ अपना केवल एंड्रॉइड आधारित स्मार्टफोन या टैबलेट अथवा केवल विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम वाला लैपटॉप पूरी तरह चार्ज कर के लाना होगा। ऑनलाइन परीक्षा के लिए केवल अपडेटेड गूगल क्रोम ब्राउजर का ही प्रयोग करें। कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स परीक्षा हॉल के अंदर लाने की अनुमति नहीं होगी । (दिए गए तकनीकी विशिष्टताओं के अभाव में, परीक्षा संबंधी कठिनाईयों के लिए उम्मीदवार स्वयं जिम्मेदार होंगे।)
3. विश्वविद्यालय परिसर में वाई– फाई सुविधा उपलब्ध है, अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान इस सुविधा का उपयोग कर सकते हैं।
4. अभ्यर्थियों को परीक्षा आरंभ होने के आधा घंटा समय के बाद परीक्षा कक्ष/हॉल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. किसी भी अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा कक्ष/हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. परीक्षा पूरी होने पर कृपया निरीक्षक के निर्देशों की प्रतीक्षा करें और जब तक निर्देश न दी जाए तब तक अपनी सींट से न उठें।
7. प्रवेश पत्र अनंतिम है, सूचना बुलेटिन में दी गई पात्रता शर्तो को पूरा करने के अधीन है।
8. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे एक दिन पहले परीक्षा स्थल के स्थान को सत्यापित कर लें, ताकि परीक्षा के दिन उन्हें किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।
9. अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति होगी।
10. अंक निर्धारणः– प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है, अतः प्रत्येक सही उत्तर हेतु एक अंक आबंटित किया जाएगा, इस प्रकार प्रश्न–पत्र में 50 अंक निर्धारित है। किसी प्रश्न में उत्तर का चयन न करने पर कोई अंक नहीं दिया जाएगा और गलत विकल्प का चयन करने पर कोई अंक नहीं काटे जाएंगे।
11. प्रश्न पत्र की भाषाः– परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र दो भाषाओं अंग्रेजी और हिन्दी में उपलब्ध होगा। प्रश्नों के अंग्रेजी और हिन्दी संस्करणों में किसी भी विसंगति के मामले में अंग्रेजी संस्करण को प्रमाणिक माना जाएगा।
12. अभ्यर्थियों को परीक्षा में अनुचित साधन का उपयोग करना वर्जित है। किसी भी अभ्यर्थियों द्वारा अनुचित साधन अपनाये जाने पर विश्वविद्यालय को अनुशासनात्मक कार्यवाही/परीक्षा से वंचित किए जाने का अधिकार होगा।
13. अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए निर्धारित 01 घंटे की अवधि में 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों को पूरा करना होगा।

31.05.24

उप कुलसचिव (परीक्षा)

Con.02

पृ.क्र. 9873 / परीक्षा / प्रवेश / 2024 रायपुर, दिनांक 31 / 5 / 2024

प्रतिलिपिः—

1. अध्यक्ष, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय एवं अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर।
2. प्रभारी, जनसंपर्क अधिकारी / अधिष्ठाता, छात्र—कल्याण, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर,
3. संचालक, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित, 320AD इंदिरा नगर,स्पीकर हाउस के सामने,कांके रोड,रांची—झारखंड,पिन नं. 834008 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
4. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निजी सहायक, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ।

31.05.24

कक्ष अधिकारी (परीक्षा)